RNI NO. MPHIN/2023/88328

खबरों की वीडियो देखने हेतु स्कैन करे

READERS' OPINION

# रीडर्स ओपिनियन

दैनिक समाचार पत्र

कुल पृष्ठ : 5 | शनिवार, 31 अक्टूबर 2026 | वर्ष : 4 अंक : 150

# बद्रीनाथ से देहरादून आ रहा हेलिकॉप्टर क्रैश

## पायलट समेत 6 यात्रियों की मौत



हादसे के बाद हेलिकॉप्टर का मलबा



हवा में गिरता हेलिकॉप्टर (वीडियो से)



टक्कर के बाद जलकर क्षतिग्रस्त हेलिकॉप्टर




**6** लोगों की मौत (पायलट समेत 5 यात्री)

**1:14** बजे बद्रीनाथ से देहरादून के लिए उड़ान भरी

उड़ान के दौरान जोशीमठ घाटी के पास **संपर्क टूट गया**

2 हेलिकॉप्टर की मदद से मलबा खोजा गया

## हादसा कैसे हुआ?



- जोशीमठ घाटी के ऊपर उड़ान के दौरान हेलिकॉप्टर का संपर्क टूट गया।
- इसके बाद ट्रैकिंग सिस्टम पर भी लोकेशन मिलनी बंद हो गई।
- हेलिकॉप्टर चट्टानों पर गिरा और उसमें आग लग गई।
- हादसे के समय क्षेत्र में खराब मौसम था।

## एक दिन पहले लौटना चाहते थे श्रद्धालु



- कर्नाटक से आए श्रद्धालु गुरुवार को बद्रीनाथ पहुंचे थे।
- दर्शन के बाद वे उसी दिन वापस लौटना चाहते थे।
- खराब मौसम के कारण हेली सेवा बंद करनी पड़ी, इसलिए वे रुके।
- शुक्रवार को मौसम थोड़ा खुला, लेकिन विजिबिलिटी कम थी, फिर भी उड़ान भरी गई।

## उत्तराखंड में हेलिकॉप्टर हादसे



2016 से 2026 के बीच

**13** हेलिकॉप्टर हादसे

**27** लोगों की मौत

### सरकार और जांच

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हादसे पर दुख जताया और जांच के निर्देश दिए।
- एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो (AAIB) जांच करेगा।
- मृतकों के परिवारों को हर संभव मदद दी जाएगी।

RNI NO. MPHIN/2023/88328

खबरों की वीडियो देखने हेतु स्कैन करे

READERS' OPINION

# रीडर्स ओपिनियन

दैनिक समाचार पत्र

कुल पृष्ठ : 5 | शनिवार, 31 अक्टूबर 2026 | वर्ष : 4 अंक : 150

## इसरो ने लॉन्च किया नेविगेशन सैटेलाइट NVS-03

**कारगिल युद्ध के बाद स्वदेशी नेविगेशन सिस्टम की जरूरत हुई थी महसूस; भारत और सीमाओं से 1,500 किमी दूर तक देगा लोकेशन की जानकारी**




**श्रीहरिकोटा,आंध्र-प्रदेश|** इसरो ने शुक्रवार रात 11:51 बजे श्रीहरिकोटा से GSLV-F18 रॉकेट के जरिए NVS-03 सैटेलाइट लॉन्च किया। करीब 18 मिनट बाद 2,232 किलोग्राम वजनी सैटेलाइट अपनी निर्धारित कक्षा में पहुंच गया।

यह भारत के स्वदेशी NavIC सिस्टम का हिस्सा है और देश की सीमाओं से करीब 1,500 किमी दूर तक नेविगेशन सुविधा देगा। इसमें स्वदेशी एटॉमिक क्लॉक और L1, L5 व S बैंड तकनीक है।

**1999 के कारगिल युद्ध के बाद भारत को अपने नेविगेशन सिस्टम की जरूरत महसूस हुई थी। अमेरिका से सैन्य लोकेशन की जानकारी नहीं मिलने के बाद भारत ने NavIC विकसित किया।**

**इससे सेना के साथ आम लोगों को भी मोबाइल नेविगेशन, वाहन ट्रैकिंग और आपदा प्रबंधन में मदद मिलेगी।**




## इंदौर में बंद दुकानों के सामने मिला युवती का शव



**शरीर पर चोट के निशान, हत्या की आशंका; CCTV फुटेज खंगाल रही पुलिस**

**परदेशीपुरा, इंदौर |** इंदौर के परदेशीपुरा थाना क्षेत्र में शुक्रवार रात करीब 11 बजे सुगनी देवी कॉलेज के सामने बंद दुकानों के पास युवती का शव मिला। मृतका की पहचान भागीरथपुरा निवासी पिंकी के रूप में हुई है। युवती के शरीर पर चोट के निशान मिलने से हत्या की आशंका जताई जा रही है। सूचना पर पुलिस और वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस आसपास के CCTV फुटेज खंगाल रही है, ताकि पता लगाया जा सके कि युवती आखिरी बार किसके साथ देखी गई थी। मौत का वास्तविक कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद स्पष्ट होगा।

## रेप केस में 10 महीने जेल में रहा युवक दोषमुक्त

**मथुरा-वृंदावन यात्रा के टिकट और तस्वीरों को कोर्ट ने माना अहम साक्ष्य; गवाहों के बयानों में मिले विरोधाभास**

**इंदौर,मध्य प्रदेश |**नाबालिग से दुष्कर्म के आरोप में करीब 10 महीने जेल में रहे युवक को विशेष पॉक्सो कोर्ट ने दोषमुक्त कर दिया। विशेष न्यायाधीश शिप्रा पटेल ने 28 अक्टूबर को फैसला सुनाते हुए अभियोजन पक्ष के आरोपों को संदेह से परे साबित नहीं माना।

अभियोजन के अनुसार, 20 मार्च 2024 को आरोपी नाबालिग को घर से ले गया और 7-8 दिनों तक बंधक बनाकर दुष्कर्म किया। बचाव पक्ष ने दावा किया कि घटना के दौरान आरोपी दोस्तों के साथ मथुरा-वृंदावन यात्रा पर था। इसके समर्थन में ट्रेन टिकट, इंदौर रेलवे स्टेशन की पार्किंग रसीद, तस्वीरें और गवाहों के



बयान पेश किए गए। कोर्ट ने पीड़िता और उसके माता-पिता के बयानों में विरोधाभास तथा जांच में सामने आई कमियों को भी ध्यान में रखा।

सभी साक्ष्यों पर विचार करने के बाद कोर्ट ने आरोपी को संदेह का लाभ देते हुए दोषमुक्त कर दिया।

RNI NO. MPHIN/2023/88328

खबरों की वीडियो देखने हेतु स्कैन करे

READERS' OPINION

# रीडर्स ओपिनियन

दैनिक समाचार पत्र

कुल पृष्ठ : 5 | शनिवार, 31 अक्टूबर 2026 | वर्ष : 4 अंक : 150

## दिवंगत प्राचार्य के हस्ताक्षर से कथित फर्जी पत्र का मामला

**इंदौर के गवर्नमेंट डेंटल कॉलेज में दस्तावेजों से हेराफेरी की शिकायत; विभागाध्यक्ष का प्रभार दिलाने का आरोप**



**इंदौर,मध्य-प्रदेश|** गवर्नमेंट डेंटल कॉलेज में दिवंगत प्राचार्य डॉ. अलका गुप्ता के हस्ताक्षर से कथित फर्जी पत्र तैयार करने की शिकायत संयोगितागंज थाने में की गई है। आरोप है कि इसके जरिए डॉ. हर्ष चंसोरिया को विभागाध्यक्ष का प्रभार दिलाने की कोशिश हुई। शिकायत के अनुसार, 14 जून 2026 के पत्र पर हस्ताक्षर किए गए, जबकि डॉ. गुप्ता का निधन 15 जून को हुआ था। शिकायतकर्ता ने हस्ताक्षरों की जांच और कार्रवाई की मांग की है। प्राचार्या डॉ. जया जोशी ने शिकायत मिलने की पुष्टि की। वहीं, डॉ. चंसोरिया ने फिलहाल प्रतिक्रिया नहीं दी।

## भोपाल में 24 पेड़ों की कटाई की अनुमति पर विवाद


**कलियासोत डैम किनारे टॉवर लगाने के लिए मिली मंजूरी; पर्यावरणविदों ने बताया बाघों का भ्रमण क्षेत्र**



**भोपाल, मध्य-प्रदेश|** भोपाल के कलियासोत डैम किनारे बिजली के टॉवर लगाने के लिए नगर निगम ने 24 पेड़ काटने की अनुमति दी है। पर्यावरणविदों ने इसका विरोध करते हुए क्षेत्र को बाघों का भ्रमण क्षेत्र बताया है। पर्यावरणविद् राशिद नूर का आरोप है कि अनुमति पत्र में कार्यस्थल का गलत पता दर्ज किया गया है। उन्होंने निगम कमिश्नर से अनुमति निरस्त करने की मांग की है। नूर के मुताबिक, यह इलाका सघन वन और संवेदनशील बाघ भ्रमण क्षेत्र है। यहां पहले भी वन विभाग ने निर्माण और पेड़ कटाई पर रोक लगाई थी।

## भोपाल के स्पा सेंटर में मिलीं युगांडा की 2 महिलाएं

**पासपोर्ट-वीजा नहीं दिखा सकीं; कर्मचारियों का पुलिस वेरिफिकेशन भी नहीं मिला**




**अयोध्या नगर,भोपाल |** भोपाल के अयोध्या नगर स्थित थाई आरोमा वेलनेस सेंटर में 30 अक्टूबर की रात पुलिस जांच के दौरान युगांडा की 2 महिलाएं मिलीं। दोनों पासपोर्ट और वीजा के दस्तावेज पेश नहीं कर सकीं।

जांच में सेंटर पर 6 महिलाएं और 1 पुरुष कर्मचारी मिले। किसी भी कर्मचारी का पुलिस वेरिफिकेशन नहीं कराया गया था। पुलिस ने सेंटर संचालक के खिलाफ केस दर्ज किया है। फिलहाल पुलिस दोनों विदेशी महिलाओं के भारत आने और यहां रहने से जुड़े दस्तावेजों की जानकारी जुटा रही है।

## तूफान 'अर्नब' कमजोर, MP में बारिश का दौर जारी

**27 जिलों में आंधी-बारिश का अलर्ट; भोपाल-इंदौर में खिलेगी धूप**

**मध्य प्रदेश |** तूफान 'अर्नब' कमजोर होकर लो प्रेशर एरिया में बदल गया है, लेकिन मध्य प्रदेश में बारिश जारी है। मौसम विभाग ने शनिवार को ग्वालियर, जबलपुर, शिवपुरी समेत 27 जिलों में आंधी-बारिश का अलर्ट जारी किया है। वहीं भोपाल और इंदौर सहित कई जिलों में धूप खिलने का अनुमान है।

मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक, अगले 4 दिन प्रदेश में कहीं धूप तो कहीं बारिश का दौर जारी रह सकता है। अनूपपुर में 3 इंच से ज्यादा बारिश दर्ज हुई, जबकि पांढुर्णा में हजारों क्विंटल मक्का खराब होने की जानकारी सामने आई है। बारिश के कारण दिन के तापमान में 2 से 3 डिग्री तक गिरावट आई है। इस साल मानसून के दौरान प्रदेश में सामान्य से करीब 4% कम बारिश दर्ज की गई।



RNI NO. MPHIN/2023/88328

खबरों की वीडियो देखने हेतु स्कैन करे

READERS' OPINION


# रीडर्स ओपिनियन

दैनिक समाचार पत्र

कुल पृष्ठ : 5 | शनिवार, 31 अक्टूबर 2026 | वर्ष : 4 अंक : 150

## इंदौर में कंटेनर से टकराने के बाद कार में लगी आग





**अचानक ब्रेक लगाने से हुआ हादसा; कार में 2 युवक और 1 युवती थे सवार, सभी सुरक्षित**

**तेजाजी नगर, इंदौर |** इंदौर के तेजाजी नगर इलाके में शुक्रवार रात कंटेनर से टकराने के बाद एक कार में आग लग गई। हादसे के वक्त कार में 2 युवक और 1 युवती सवार थे। राहत की बात रही कि तीनों को चोट नहीं आई। तेजाजी नगर पुलिस के मुताबिक, चौराहे पर आगे चल रहे कंटेनर चालक ने अचानक ब्रेक लगा दिए। इससे पीछे आ रही कार कंटेनर से टकरा गई। टक्कर के बाद कार के अगले हिस्से में आग लग गई।

## भोपाल में अवैध शराब बेचते मिली महिला, 10 केस दर्ज

**मदर इंडिया कॉलोनी में घर से मिली देशी शराब; गांधीनगर और बैरागढ़ के होटल-ढाबों पर भी कार्रवाई**





**भोपाल, मध्य प्रदेश |** भोपाल की मदर इंडिया कॉलोनी में शुक्रवार-शनिवार की रात आबकारी विभाग ने एक घर पर दबिश देकर अवैध देशी शराब जब्त की। यहां एक महिला शराब बेचते मिली, जिसके खिलाफ मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत केस दर्ज किया गया। इसके अलावा आबकारी विभाग की टीमों ने गांधीनगर और बैरागढ़ के होटल, ढाबों और रेस्टोरेंट में चेकिंग की। बैरागढ़ में जैन मंदिर के पास एक घर से भी अवैध शराब जब्त की गई, जबकि गांधीनगर की नई बस्ती में 500 लीटर लहान बरामद हुआ। विभाग के मुताबिक, भोपाल में कुछ युवक दोपहिया वाहनों से भी शराब की सप्लाई कर रहे हैं। इस मामले में पहले 3 युवकों को पकड़ा गया है। अभियान के दौरान कुल 10 प्रकरण दर्ज किए गए।

## होर्मुज में 27 भारतीयों वाले तेल टैंकर पर हमला

**इंजन रूम में लगी आग, सभी नाविक सुरक्षित; एक महीने में भारतीय क्रू वाले जहाजों पर पांचवां हमला**



**होर्मुज |** होर्मुज में शुक्रवार को पनामा के झंडे वाले तेल टैंकर MT लुईस 1 पर हमला हुआ। जहाज पर 27 भारतीय क्रू सदस्य सवार थे। हमले में 2 लिम्पेट माइंस का इस्तेमाल किया गया, जिससे इंजन रूम में आग लग गई और जहाज कुछ समय के लिए बंद हो गया। क्रू ने आग पर काबू पा लिया।केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल के मुताबिक, सभी 27 भारतीय नाविक सुरक्षित हैं और किसी को चोट नहीं आई है। ब्रिटिश समुद्री एजेंसी के अनुसार, हमला ओमान के खासाब शहर से करीब 46 किलोमीटर दूर हुआ। अक्टूबर में भारतीय क्रू वाले जहाजों पर यह पांचवां हमला है। फरवरी में अमेरिका-ईरान संघर्ष शुरू होने के बाद होर्मुज में पहली बार लिम्पेट माइंस से हमले की घटना सामने आई है।



RNI NO. MPHIN/2023/88328

खबरों की वीडियो देखने हेतु स्कैन करे

READERS' OPINION

# रीडर्स ओपिनियन

दैनिक समाचार पत्र

कुल पृष्ठ : 5 | शनिवार, 31 अक्टूबर 2026 | वर्ष : 4 अंक : 150





La SAGESSE
SEAT OF WISDOM

## MAIN CAMPUS

### School Facilities

- Smart Class
- Robotics Lab
- Science Labs
- Computer Lab
- Squash Court
- Basketball
- Football
- Skating
- Swimming
- Library
- Rifle Shooting
- Pickle Ball
- Volleyball
- Cricket
- Lawn Tennis
- Indore Badminton Arena

### About School

An institution that balances strong academic achievements with overall holistic development of students.

### CONTACT US

Ph- 9201959432
9752411052
lasagesse.in

## La Sagesse Group of Schools

Our Branches :-




Add.: H-14, Nalanda Parisar, Kesarbag Road, Indore Mo.: 7049299228




Address: 50, Rajaswa Gram Colony, Chhatribag, INDORE Mo.: 9589261662

## Panda Road, Near Hotel Red Maple Mashal, A.B. Road, RAU



## Senior Luxury Living

SBS
Assisted Living
Senior Citizen Care, Redefined






Panda Road, Near La Sagesse Academy,
Rau, Indore MP 453331
Phone: 9340380647, 8817137388
Email: sbsseniorspride@gmail.com
website: www.sbsseniorspride.com


स्वामी सौरभ सेंगर के लिए प्रकाशक/मुद्रक देवेन्द्र सिंह सेंगर द्वारा कॉम्प्लेक्ट प्रिन्टर्स प्रा. लि. 3/54, प्रेस कॉम्प्लेक्स ए.बी. रोड, इंदौर (मध्यप्रदेश) से मुद्रित एवं ला साजेस कैम्पस, पान्धा रोड, होटल मशाल के पास राऊ, जिला इंदौर (मध्यप्रदेश) से प्रकाशित। संपादक : स्वामीम सेंगर। मोबाईल : 9244198932 आरएनआई नंबर : MPHIN/2023/88328 (सभी विवादों का न्यायालय क्षेत्र इंदौर रहेगा।)